# 63/1 (SEM–3) SEC1/HINSE3012

## 2023

## HINDI

Paper : HINSE3012

**( हिन्दी भाषा शिक्षण )**

*Full Marks* : 50

*Pass Marks* : 20

*Time* : 2 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) "मनुष्य के मानसिक विकास के लिए मातृभाषा उतनी ही आवश्यक है, जितनी कि बच्चे के शारीरिक विकास के लिए माता का दूध। बालक पहला पाठ अपनी माता से ही पढ़ता है, इसलिए उसके मानसिक विकास के लिए उसके ऊपर मातृभाषा के अतिरिक्त, कोई दूसरी भाषा लादना मैं 'मातृभाषा' के विरुद्ध पाप समझता हूँ।" यह किसकी उक्ति है?

*(i)* महात्मा गाँधी

*(ii)* जवाहरलाल नेहरू

*(iii)* बाल गंगाधर तिलक

*(iv)* जयशंकर प्रसाद

(ख) शैक्षणिक आधार पर विद्यालयों में किस भाषा का माध्यम रहना चाहिए?

*(i)* विदेशी भाषा

*(ii)* तकनीकी भाषा

*(iii)* द्वितीय भाषा

*(iv)* मातृभाषा

(ग) कौशल का उद्देश्य क्या है?

*(i)* अभिव्यक्ति

*(ii)* प्रायोगिक

*(iii)* शिक्षित

*(iv)* ज्ञानवर्धन

(घ) शिक्षण विधि में रसात्मक उद्देश्य से क्या अभिप्राय है?

*(i)* आस्वादन

*(ii)* अर्थग्रहण

*(iii)* शब्द-ज्ञान

*(iv)* रुचि





(ङ) मनुष्य के व्यक्तित्व विकास के लिए किसका योगदान महत्त्वपूर्ण है?

*(i)* धन

*(ii)* शरीर

*(iii)* भाषा

*(iv)* लिपि

(च) किसी भी भाषा के कितने रूप होते हैं?

*(i)* दो

*(ii)* तीन

*(iii)* चार

*(iv)* पाँच

(छ) किसी भी भाषा को सिखाते समय हमारे सामने कौन-कौन से भाषायी पक्ष आते हैं?

*(i)* लेखन, श्रवण, दृश्य

*(ii)* श्रवण, लेखन, व्याकरण

*(iii)* पठन, लेखन, व्याकरण

*(iv)* पठन, दृश्य, श्रवण

(ज) किसी भी भाषा की महत्त्वपूर्ण इकाई होती है

*(i)* शब्द

*(ii)* अर्थ

*(iii)* वाक्य

*(iv)* चिह्न

(झ) प्रश्नोत्तर किस प्रकार की विधि है?

*(i)* आधुनिक

*(ii)* पारम्परिक

*(iii)* व्यवहारिक

*(iv)* सकारात्मक

(ञ) वेद किस प्रकार की शिक्षण विधि थी?

*(i)* लेखन

*(ii)* पठन

*(iii)* श्रवण

*(iv)* वाचन





**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भाषा शिक्षण का क्या अर्थ है?

(ख) भाषा शिक्षण कितने प्रकार के होते हैं?

(ग) भाषा किसे कहते हैं?

(घ) क्या भाषा सोच को प्रभावित करती है?

(ङ) दूरस्थ शिक्षा का क्या प्रयोजन है?

(च) सामाजिक वातावरण के द्वारा भाषा की शिक्षा किस प्रकार हो सकती है?

(छ) प्राकृतिक वातावरण द्वारा बच्चों को किस रूप में भाषा की शिक्षा दी जा सकती है?

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×5=25

(क) भाषा शिक्षण में मातृभाषा और अन्य भाषा के महत्त्व पर विचार कीजिए।

(ख) स्कूली शिक्षा में हिन्दी भाषा की शिक्षण पद्धति पर प्रकाश डालिए।

(ग) भाषा शिक्षण के उद्देश्य को रेखांकित कीजिए।

(घ) भाषा कौशल तत्त्व को वर्णित कीजिए।

(ङ) उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में हिन्दी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

(च) भाषा शिक्षण में परीक्षण और मूल्यांकन कैसे किया जाता है?

(छ) अच्छे शिक्षण की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) हिन्दी भाषा शिक्षण की मूल समस्याओं को रेखांकित कीजिए।

(झ) भाषा शिक्षण में तकनीकी के प्रयोजन को स्थापित कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए : 10

(क) बच्चों में भाषा विकास की प्रगति का आकलन किस रूप में किया जा सकता है?

(ख) विदेशों में हिन्दी शिक्षण विषय पर एक विचारात्मक प्रबंध लिखिए।

(ग) भाषा शिक्षण के विविध सन्दर्भ पर प्रकाश डालिए।

★★★